तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 28.0° |
| इंदौर | 23.0° | 28.0° |
| जबलपुर | 23.0° | 28.0° |
| ग्वालियर | 27.0° | 33.0° |
| सागर | 23.0° | 27.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 274, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण षष्ठी संवत् 2083
बुधवार, 2 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** सफलता के साथ विनम्रता की नसीहत


**खेल...** कभी शूटिंग के बारे में नहीं जानती थीं मनीषा, अब एशियन ...


**व्यापार...** चीनी का 2000 क्विंटल स्टॉक रख सकेंगे ...


**देश-विदेश...** दिल्ली के 2.30 लाख घरों में मुफ्त लगेंगे ...


## खास-खबरें

### रैपर बादशाह का शादी के 5 माह बाद तलाक

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः** रैपर बादशाह और पंजाबी अभिनेत्री ईशा रिखी ने शादी के पांच महीने बाद एक-दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। दोनों ने सोमवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर तलाक की पुष्टि की। बादशाह ने बताया कि अलग होने का निर्णय आपसी सहमति से लिया गया है। उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से इस दौरान उनकी निजता का सम्मान करने तथा किसी भी तरह के कयास न लगाने की अपील की है। पिछले कुछ सप्ताह से दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें सामने आ रही थीं।

### जंतर-मंतर प्रदर्शन की सभी एफआईआर रद्द

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने जंतर-मंतर पर 20 से 25 जुलाई के बीच हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन से जुड़े सभी एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया है। कोर्ट का यह आदेश देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज मामलों पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन प्रदर्शनकारियों का आपराधिक रिकॉर्ड है, उन्हें इस राहत का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन में कहा गया था कि 25 जुलाई के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदर्शन से जुड़ी 13 एफआईआर को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। कोर्ट के फैसले के बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित विरोध मार्च वापस ले लिया है। संगठन ने कहा कि केंद्र सरकार के आश्वासन और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह निर्णय लिया गया। यह फैसला दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल अंतरिम आवेदन पर सुनाया गया।

### पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में अब तक 13 की मौत


**नईदुनिया ब्यूरो,प्रयागराज/कौशांबी** : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-कौशांबी सीमा क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। मंगलवार को इलाज के दौरान एक घायल ने दम तोड़ दिया, जबकि एक शव की पहचान पिता ने अपने बेटे सुनील के रूप में की। हादसे के बाद मलबे से जिंदा निकली बच्ची सदमे में है और कुछ बोल नहीं पा रही है। मामले में लापरवाही बरतने पर एक इंस्पेक्टर, छह दरोगा समेत नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। फैक्ट्री मालिक नौशाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में जान गंवाने वालों में आठ बच्चे भी शामिल हैं। सभी शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

### मंत्री चिराग को जान से मारने की धमकी

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान को मंगलवार को जान से मारने की धमकी मिली है। मंत्री कार्यालय के अनुसार, डाक से मिले पत्र में कट्टर आतंकवादियों द्वारा हत्या करने की धमकी दी गई है। मंत्री कार्यालय ने इस संबंध में केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखकर जानकारी दी है। चिराग पासवान को वर्तमान में जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

**स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को अपनाने का आह्वान**

# प्रधानमंत्री की जनता से अपील जरूरी न हो तो सोना नहीं खरीदें



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की जीडीपी विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने पर देशवासियों को बधाई देते हुए इसे उनकी इच्छाशक्ति, मेहनत और सामूहिक ताकत का परिणाम बताया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है और देश को विकास की इस रफ्तार को आगे भी बनाए रखना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर देशवासियों से गैर-जरूरी सोने की खरीदारी से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि सोने की आवश्यकता न हो तो इसकी खरीदारी नहीं करनी चाहिए। इससे पहले भी प्रधानमंत्री देशवासियों से ऐसी अपील कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के भीतर कुछ लोग निराशा फैलाने और झूठ की गूंज के माध्यम से माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद भारत ने 7.8 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। उन्होंने लोगों से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को अपनाने का आह्वान करते हुए मेक इन इंडिया के मंत्र के साथ आगे बढ़ने की अपील की। प्रधानमंत्री ने विदेश यात्रा और विदेश में विवाह जैसे आयोजनों से बचने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि देश जितना अधिक स्वदेशी उत्पादों और आत्मनिर्भरता पर जोर देगा, भारत उतनी ही मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक देश की युवा पीढ़ी को विकसित भारत सौंपा जाएगा।

**शिक्षक दिवस पर जेन-जी से संवाद करेंगे पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में युवाओं और जेन-जी के साथ सीधे संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम कॉलेज के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री युवाओं से बातचीत करेंगे और उनके विचारों व अनुभवों को साझा करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि तीन क्षेत्रों में विभाजित, नाम भी बदला



▸▸ **कैबिनेट का फैसलाः अब भोपाल में मध्यभारत, जबलपुर में महाकौशल व उज्जैन-इंदौर में मालवा प्रौद्योगिकी और कौशल विश्वविद्यालय नाम होंगे**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश सरकार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) का नाम बदलने और इसे तीन अलग-अलग क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों में विभाजित करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। भोपाल स्थित आरजीपीवी का नाम अब मध्यभारत प्रौद्योगिकी और कौशल विश्वविद्यालय होगा। इसके अलावा जबलपुर में महाकौशल प्रौद्योगिकी और कौशल विश्वविद्यालय तथा उज्जैन में मालवा प्रौद्योगिकी और कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि नए विश्वविद्यालयों के क्षेत्र भी निर्धारित कर दिए गए हैं। मध्यभारत विश्वविद्यालय में भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग शामिल होंगे। महाकौशल विश्वविद्यालय में रीवा, शहडोल, जबलपुर और सागर संभाग तथा मालवा विश्वविद्यालय में इंदौर और उज्जैन संभाग शामिल रहेंगे। वर्तमान में आरजीपीवी से 13 पाठ्यक्रम, 585 संस्थान और करीब 3.83 लाख विद्यार्थी जुड़े हैं।

## प्रत्येक जिले में लोकपाल नियुक्त होंगे

*कैबिनेट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की केंद्र पोषित योजनाओं के लिए 10,574 करोड़ रुपये की राज्य हिस्सेदारी को मंजूरी दी है। योजनाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए प्रत्येक जिले में लोकपाल नियुक्त किया जाएगा। पश्चिमी भोपाल बायपास फोरलेन की संशोधित लागत को भी मंजूरी दी गई है। इसकी लागत 2981 करोड़ रुपये से बढ़कर 3225 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं, बीना-खिमलासा-मालथौन मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए 2776 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।*

# टी-20 में वैभव सूर्यवंशी को फिर मिली जगह

**श्रेयस अय्यर संभालेंगे कप्तानी, बुमराह सहित सात खिलाड़ियों की टीम में वापसी**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। वैभव सूर्यवंशी को एक बार फिर टीम में जगह मिली है, जबकि श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया गया है।

विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन और ईशान किशन को शामिल किया गया है। सीरीज का पहला मुकाबला 13 सितंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सहित सात खिलाड़ियों की टीम में वापसी हुई है। इनमें नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल शामिल हैं।

बुमराह करीब पांच महीने बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि बुमराह, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा का खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। टीम में अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई को भी शामिल किया गया है।



# बैंक में 17 करोड़ के नकली नोट मिलने से हड़कंप

▸▸ **सहारनपुर पीएनबी करेंसी चेस्ट का मामला, तीन अधिकारी निलंबित और चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

**नईदुनिया ब्यूरो, सहारनपुरः** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपये के नकली नोट मिलने से हड़कंप मच गया है। बैंक ऑडिट के दौरान यह बड़ी गड़बड़ी सामने आई। मामले की जांच के लिए मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी बैंक पहुंचे और जांच शुरू की। मामले में अब तक तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है। पीएनबी मेरठ के चीफ मैनेजर और जांच अधिकारी अरुण कुमार चौबे की शिकायत पर तीन अधिकारियों समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले का खुलासा जयपुर भेजी गई रकम में कमी मिलने के बाद हुआ। सहारनपुर की घंटाघर स्थित शाखा से 5 अगस्त को रकम जयपुर स्थित करेंसी चेस्ट भेजी गई थी। वहां गिनती के दौरान 4 लाख 30 हजार 900 रुपये कम पाए गए। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में पार्टटाइम हाउसकीपर विशाल कुमार नोटों की गड्डियों से रुपये निकालता दिखाई दिया। इसके बाद उसे काम से हटा दिया गया और उसके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया गया। इसके बाद 9 अगस्त से करेंसी चेस्ट का ऑडिट शुरू किया गया। नकदी और रिकॉर्ड के मिलान के दौरान करीब 17 करोड़ रुपये के नकली नोट मिलने की जानकारी सामने आई। मामले में करेंसी चेस्ट से जुड़े अधिकारियों से पूछताछ जारी है।



# बाढ़ का फिर अलर्ट, मौतों का आंकड़ा 1000 के पार

## नेपाल में बचाव व राहत कार्य जारी, 4400 से अधिक लोग लापता



**काठमांडू, एजेंसीः** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद देश के सात जिलों में फिर से बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा, तनहूं, नवलपरासी और चितवन जिलों में नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। 26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने के बाद नेपाल के कई क्षेत्रों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी थी। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक नेपाल में 1003 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तिब्बत में 16 लोगों की जान गई है। नेपाल के चितवन जिले में सबसे अधिक 321 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, 4400 से ज्यादा लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर लगाए गए हैं, जहां प्रभावित लोगों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। सेना और अन्य बचाव दल प्रभावित इलाकों से शवों को निकालने और लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। स्थानीय प्रशासन को लोगों की सुरक्षा और राहत कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। आपदा प्रभावित इलाकों में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### बारिश का कहर, तीन लोगों की मलबे में दबने से मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, देहरादून :** उत्तर भारत में तेज बारिश का दौर जारी है, जिससे कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। उत्तराखंड में बारिश से जुड़े अलग-अलग हादसों में कई लोगों की जान चली गई। देहरादून में एक कार बरसाती नदी के तेज बहाव में बह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक लड़की को बचाव दल ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अल्मोड़ा के उड़यूड़ा गांव में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से आया मलबा एक मकान में घुस गया। घर में सो रहे तीन लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई। वहीं, दीवार गिरने की घटना में दो नेपाली मजदूरों की भी जान चली गई। नैनीताल के भीमताल में नाले के तेज बहाव में बहने से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ के पास झील से एक अज्ञात व्यक्ति का शव भी बरामद किया गया है। बारिश के कारण रोकी गई केदारनाथ यात्रा दोबारा शुरू कर दी गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ से 80 से अधिक कच्चे मकान गिर गए। बिहार के जहानाबाद में दरधा नदी का जलस्तर बढ़ने से जाफरगंज पुल के ऊपर दो फीट से अधिक पानी बह रहा है।

# 36 हजार किमी ऊपर से नजर रखेगा भारत का नया उपग्रह

▸▸ **4 को जीएसएलवी-एफ17 से प्रक्षेपित होगा ईओएस-05**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो 4 सितम्बर को अपने जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट से ईओएस-05 उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। यह उपग्रह पृथ्वी से करीब 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित होकर भारत के बड़े हिस्से की लगातार निगरानी करने में सक्षम होगा। ईओएस-05 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसका प्रक्षेपण सुबह 2 बजकर 55 मिनट पर होगा। इस मिशन के लिए जीएसएलवी-एफ17 रॉकेट का उपयोग किया जाएगा। उपग्रह की विशेष कक्षा के कारण यह लंबे समय तक भारत के बड़े भूभाग की तस्वीरें उपलब्ध करा सकेगा और एक ही क्षेत्र पर बार-बार नजर रख सकेगा। इससे सीमा क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों की निगरानी में भी सहायता मिलने की उम्मीद है। चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर नजर रखने की क्षमता इसके प्रमुख उपयोगों में शामिल होगी। ईओएस-05 प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी में भी उपयोगी साबित हो सकता है। इसके माध्यम से चक्रवात, बाढ़, बादल फटने और जंगलों में लगने वाली आग से प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी जुटाने में सहायता मिलेगी। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर जमीन पर होने वाले बदलावों का आकलन किया जा सकेगा।

इसरो के अनुसार, इस उपग्रह से मौसम और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों को भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकेगी।

# इंजन में खराबी, 14 हजार फीट ऊपर से लौटा विमान, गोवा में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग

▸▸ **229 यात्रियों को लेकर गोवा से दिल्ली जा रहा था विमान**




**नईदुनिया ब्यूरो, गोवाः** गोवा से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2102 के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद विमान की गोवा एयरपोर्ट पर सुरक्षित आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में 229 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, विमान ने मंगलवार सुबह 9 बजकर 16 मिनट पर मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद पायलट को एक इंजन में तकनीकी खराबी की जानकारी मिली। इसके बाद विमान को वापस गोवा लाने का निर्णय लिया गया। उड़ान ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, वापस लौटते समय विमान करीब 14 हजार फीट की ऊंचाई पर था। विमान ने सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर सुरक्षित लैंडिंग की। इंडिगो ने बताया कि विमान की फिलहाल तकनीकी जांच की जा रही है। सभी आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद ही विमान को दोबारा उड़ान के लिए भेजा जाएगा। कंपनी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की गई और उन्हें समय-समय पर स्थिति की जानकारी दी गई। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जा रही है।

**बदलाव** | *युद्ध और संकट के समय आम संसाधनों पर रहेगा सरकार का अधिकार...*

# चीन में नया रक्षा कानून, आदेश नहीं मानने पर सजा

**बीजिंग, एजेंसीः** चीन ने अपने राष्ट्रीय रक्षा लामबंदी कानून में व्यापक बदलाव को मंजूरी दी है। नए प्रावधानों के तहत युद्ध या किसी बड़े राष्ट्रीय संकट की स्थिति में सरकार सेना के साथ आम नागरिकों, निजी कंपनियों और विभिन्न सामाजिक व आर्थिक संसाधनों का भी उपयोग कर सकेगी। चीन की संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस ने 28 अगस्त को संशोधित कानून को मंजूरी दी है, जो 1 अक्टूबर से लागू होगा।

नए कानून में जरूरत पड़ने पर संसाधनों को सरकारी नियंत्रण में लेने का प्रावधान भी किया गया है। सरकारी आदेश का पालन करने से इनकार करने या जानबूझकर देरी करने पर कार्रवाई और जुर्माना लगाया जा सकेगा। राष्ट्रीय रक्षा लामबंदी कानून वर्ष 2010 में बनाया गया था और इसके बाद पहली बार इसमें व्यापक बदलाव किया गया है। संशोधित कानून में 14 अध्याय और 82 अनुच्छेद शामिल हैं। इसका उद्देश्य किसी संभावित खतरे के समय देश को शांति की स्थिति से तेजी से रक्षा और युद्ध की स्थिति के लिए तैयार करना बताया गया है।

नए प्रावधानों के तहत परिवहन, डाक, दूरसंचार, साइबर सुरक्षा, चिकित्सा, दवा आपूर्ति, खाद्य एवं अनाज आपूर्ति तथा इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों को राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जिम्मेदारियों के लिए तैयार रहना होगा। संबंधित संस्थानों को विशेष टीमें गठित करने और आवश्यक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की गई है। कानून में साइबर सुरक्षा और उन्नत तकनीकों के उपयोग को विशेष महत्व दिया गया है। रिजर्व फोर्स तैयार करने, भर्ती व्यवस्था मजबूत करने और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वस्तुओं का भंडार बढ़ाने के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं।




संशोधित कानून में राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता, क्षेत्रीय अखंडता और सुरक्षा के साथ विकास हितों की रक्षा को भी शामिल किया गया है। इससे अर्थव्यवस्था, महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच, विदेशी संपत्तियों और तकनीकी विकास से जुड़े हितों को भी राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में देखा जा सकेगा। नए कानून को चीन की व्यापक राष्ट्रीय रक्षा तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, इसे लेकर विशेषज्ञों की राय अलग-अलग है कि यह तत्काल युद्ध की तैयारी का संकेत है या लंबे समय से चल रही चीन की रणनीतिक लामबंदी प्रक्रिया का हिस्सा।